राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

जीवन रक्षा के लिए उपलब्ध चिकित्सा संसाधनों का सभी स्तरों पर समुचित प्रबंधन हो

राज्यपाल ने 'महामारी रेड अलर्ट जन अनुशासन पखवाड़े'की सख्ती से पालना करने की अपील की

जयपुर, 7 मई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राज्य सरकार द्वारा घोषित 'महामारी रेड अलर्ट जन अनुशासन पखवाड़े' की सभी से सख्ती से पालना करने की अपील करते हुए बगैर अतिआवश्यक कार्य के घर से बाहर नहीं निकलने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा है कि मास्क आवश्यक रूप से पहनें, दो गज की दूरी बनाए रखें और स्वच्छता नियमों को अपनाते हुए कोविड प्रोटोकॉल की पूरी तरह से पालना करें। इसी से कोरोना संक्रमण की चैन को हम तोड़ सकेंगे।

श्री मिश्र ने कोरोना संक्रमण के बढ़ते प्रकरणों और जनहानि पर चिंता जताते हुए कहा कि जीवन के लिए यह दौर अत्यधिक भयावह है। सावधानी और सतर्कता रखने के साथ ही इस समय में हमारी प्राथमिकता यही होनी चाहिए कि संक्रमण की चैन पूरी तरह से टूट जाए। धैर्य, अनुशासन के समन्वित जन प्रयासों से ही यह सम्भव होगा। उन्होंने इस विकट समय में जीवन रक्षा के लिए उपलब्ध चिकित्सा संसाधनों का सभी स्तरों पर समुचित प्रबंधन, जिला एवं राज्य प्रशासन के अंतर्गत ऑक्सीजन आपूर्ति, दवाओं की उपलब्धता जरूरतमंद को समय पर उपलब्ध कराने के साथ ही हरेक व्यक्ति, संस्था, जन प्रतिनिधि से इसमें अपने अपने स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाने का भी आह्वान किया।

राज्यपाल ने कहा कि सावधानी, सतर्कता और मानवीयतापूर्ण दृष्टिकोण से ही कोरोना को हम हरा पाएंगे। उन्होंने निर्धारित आयु पात्रता के अंतर्गत सभी को वैक्सीनेशन अवश्य कराने और इसके लिए सभी को एक दूसरे को प्रेरित करने पर भी जोर दिया। उन्होंने सभी के निरोग एवं महामारी मुक्त जीवन की स्वस्तिकामना की है।

——